# अक्षय कुमार की 'भागम भाग 2' का फर्स्ट लुक जल्द



**साल** 2006 की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' के सीक्वल का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है. फिल्म 'भागम भाग 2' के फर्स्ट लुक और आधिकारिक घोषणा को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. निर्देशक राज शांडिल्य और अभिनेता परेश रावल के सोशल मीडिया पोस्ट ने संकेत दिया है कि मेकर्स जल्द ही फिल्म से जुड़ा बड़ा अपडेट साझा कर सकते हैं. राज शांडिल्य ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, 'बस थोड़ा और इंतजार... उसके बाद सारे 'सिग्नल' खुलने वाले हैं...'. उनके इस पोस्ट को फिल्म के लोकप्रिय गीत 'सिग्नल' से जोड़कर देखा जा रहा है. इसके बाद परेश रावल ने पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए 'आमीन!' लिखा, जिससे फैंस के बीच यह चर्चा और तेज हो गई कि फिल्म का फर्स्ट लुक या आधिकारिक ऐलान जल्द किया जा सकता है.

फिल्म में अक्षय कुमार और परेश रावल एक बार फिर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. परेश रावल ने पहले ही पुष्टि कर दी है कि वह इस बार डबल रोल निभाएंगे. वहीं, इस सीक्वल में एक बड़ा बदलाव भी देखने को मिलेगा. मूल फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाले गोविंदा की जगह इस बार मनोज बाजपेयी को शामिल किया गया है. पहली फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था, जबकि सीक्वल की कमान राज शांडिल्य ने संभाली है.'भागम भाग 2' की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है और फिल्म को 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है. हालांकि, फर्स्ट लुक या रिलीज डेट को लेकर अभी तक निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. फिल्म को प्रोडक्शन तक पहुंचने से पहले कानूनी विवाद का भी सामना करना पड़ा था. राज शांडिल्य और निर्माता एकता कपूर के बीच पूर्व अनुबंध को लेकर मतभेद सामने आए थे. आरोप था कि दूसरे बैनर की फिल्म शुरू करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं ली गई थी. बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया, जिसके बाद फिल्म का काम आगे बढ़ सका. अब दर्शकों की निगाहें मेकर्स की आधिकारिक घोषणा पर टिकी हैं.

## 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के 15 साल पूरे

**मुंबई.** रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट की चर्चित फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के 15 वर्ष पूरे होने पर निर्माताओं ने फिल्म से जुड़ी यादों को ताजा करते हुए विशेष पोस्ट साझा किया है.जोया अख्तर के निर्देशन में बनी 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में शुमार की जाती है. फिल्म की कहानी और पटकथा जोया अख्तर तथा रीमा कागती ने लिखी थी, जबकि संवाद फरहान अख्तर ने लिखे थे. जावेद अख्तर के गीतों और शंकर-एहसान-लॉय के संगीत से सजी इस फिल्म में ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर, अभय देओल, कैटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई थीं. फिल्म के 15 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अपने सोशल मीडिया मंचों पर एक नया पोस्टर और फिल्म के यादगार दृश्यों की तस्वीरें साझा कीं.

## श्रद्धा कपूर की 'ईठा' की रिलीज डेट टल सकती है

**अभिनेत्री** श्रद्धा कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ईठा' की रिलीज डेट में बदलाव हो सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के निर्माता 28 अगस्त 2026 की तय रिलीज पर दोबारा विचार कर रहे हैं, ताकि यश की मच-अवेटेड फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' के साथ होने वाले बॉक्स ऑफिस क्लैश से बचा जा सके.

बताया जा रहा है कि मेकर्स जल्द ही नई रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान कर सकते हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, मैडॉक फिल्म्स इस बात पर मंथन कर रही है कि 'ईठा' को तय तारीख से पहले रिलीज किया जाए या फिर कुछ समय के लिए आगे बढ़ा दिया जाए. हालांकि, मौजूदा चर्चा के मुताबिक 28 अगस्त की रिलीज डेट पर फिल्म को लाने की संभावना कम मानी जा रही है.

फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर अंतिम फैसला जल्द सामने आ सकता है. 'ईठा' महाराष्ट्र की प्रसिद्ध तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित फिल्म है. इसमें श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं. सांस्कृतिक और भावनात्मक पृष्ठभूमि वाली इस फिल्म से दर्शकों और ट्रेड को काफी उम्मीदें हैं, खासकर महाराष्ट्र में, जहां विठाबाई की विरासत से बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए हैं. वहीं दूसरी ओर, यश की 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' 26 अगस्त 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. फिल्म के टीजर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और इसे साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक माना जा रहा है. ट्रेड विशेषज्ञों का मानना है कि यदि दोनों फिल्में एक ही सप्ताह में रिलीज होती हैं तो दर्शकों का बंटवारा हो सकता है, जिससे दोनों फिल्मों के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर असर पड़ने की आशंका है.



## टेलीविजन हलचल

### मैरा का सच सामने आया, रिश्ते बिखरे



ये रिश्ता क्या कहलाता है के एपिसोड में कहानी ने बड़ा भावनात्मक मोड़ लिया. इस बार केंद्र में दिशा और मैरा रहीं, जहां दिशा ने आखिरकार मैरा की सच्चाई सबके सामने ला दी. इस खुलासे ने पोद्दार परिवार की नींव हिला दी और हर रिश्ते की परीक्षा शुरू हो गई. लंबे समय से छिपे राज सामने आने के बाद घर का माहौल पूरी तरह बदल जाता है और हर सदस्य अपने-अपने नजरिए से इस सच्चाई को स्वीकार करने की कोशिश करता है. दिशा के इस कदम के बाद मैरा खुद को परिवार के सामने कटघरे में खड़ा पाती है.

### शगुन शर्मा बनेंगी कलर्स शो की लीड



टेलीविजन अभिनेत्री शगुन शर्मा जल्द ही कलर्स चैनल के नए फिक्शन शो में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी. सूत्रों के मुताबिक, अभिनेत्री को चैनल के आगामी डेली सोप के लिए लीड रोल में फाइनल कर लिया गया है. यह नया शो फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और इसकी शूटिंग जल्द ही मुंबई में शुरू होने की उम्मीद है. हालांकि, मेकर्स ने अभी तक शो के टाइटल, कहानी, बाकी स्टारकास्ट या प्रीमियर डेट का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है.

## कई रिश्ते सिर्फ दिखावे के हैं : शहनाज गिल



**पंजाब** की 'कटरीना कैफ' के नाम से मशहूर अभिनेत्री शहनाज गिल ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में रिश्तों, दोस्ती, अकेलेपन और अपनी निजी जिंदगी को लेकर खुलकर बात की है. शहनाज का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें सच्ची दोस्ती बहुत कम देखने को मिली है और यहां कई रिश्ते सिर्फ दिखावे तक सीमित रहते हैं. उन्होंने स्वीकार किया कि कई बार उन्हें अकेलापन महसूस होता है, लेकिन समय के साथ उन्होंने खुद को मजबूत बनाना और अपनी खुशियों की जिम्मेदारी खुद उठाना सीख लिया है.

एक इंटरव्यू में शहनाज ने कहा कि ग्लैमर की दुनिया बाहर से जितनी चमकदार दिखाई देती है, उसके पीछे उतनी ही चुनौतियां भी छिपी होती हैं. उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में हर किसी का अपना संघर्ष है और ऐसे माहौल में भरोसेमंद रिश्ते बनाना आसान नहीं होता. उनके मुताबिक, कई लोग सिर्फ काम या जरूरत के हिसाब से करीब आते हैं, इसलिए उन्होंने अब लोगों से ज्यादा उम्मीदें रखना छोड़ दिया है.

शहनाज ने कहा कि अब वह अपने करियर, परिवार और मानसिक शांति को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देती हैं. उनका मानना है कि इंसान को सबसे पहले खुद का अच्छा दोस्त बनना चाहिए.

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी

### वनप्लस एन6 5जी में मिलेगी बड़ी बैटरी

**स्मार्टफोन** की दुनिया में वनप्लस एन6 5जी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, यह नया स्मार्टफोन दमदार प्रदर्शन, शानदार कैमरा और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी के साथ बाजार में दस्तक दे सकता है. हालांकि, कंपनी की ओर से अभी तक इस फोन की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सामने आए फीचर्स ने लोगों की दिलचस्पी बढ़ा दी है.

बताया जा रहा है कि वनप्लस एन6 5जी में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6360 एपेक्स प्रोसेसर दिया जा सकता है. यह प्रोसेसर फोन को तेज गति और बेहतर प्रदर्शन देने में मदद कर सकता है. फोन में 4 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज मिलने की संभावना है, जिससे उपयोगकर्ता आसानी से अपने जरूरी ऐप, फोटो, वीडियो और अन्य फाइलें सुरक्षित रख सकेंगे. कैमरे की बात करें तो इस फोन में पीछे की तरफ 50 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा दिया जा सकता है. वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए आगे की तरफ 8 मेगापिक्सल का कैमरा मिलने की उम्मीद है. यह कैमरा सेटअप रोजमर्रा की फोटोग्राफी और वीडियो बनाने के लिए उपयोगी साबित हो सकता है.




फिलहाल वनप्लस एन6 5जी की कीमत, लॉन्च तारीख और बाकी जानकारियों का आधिकारिक खुलासा नहीं हुआ है. कंपनी की घोषणा के बाद ही इसकी पूरी जानकारी सामने आएगी. अगर बताए गए फीचर्स सही साबित होते हैं, तो यह फोन बड़ी बैटरी और अच्छे प्रदर्शन के कारण बाजार में अपनी अलग पहचान बना सकता है

वनप्लस एन6 5जी की सबसे खास बात इसकी बड़ी बैटरी बताई जा रही है. इसमें 8000 एमएएच की बैटरी मिलने की संभावना है, जो लंबे समय तक फोन चलाने में मदद करेगी. इसके साथ 45 वॉट तेज चार्जिंग सुविधा भी दी जा सकती है, जिससे फोन को कम समय में चार्ज किया जा सकेगा. फोन में 6 .8 इंच की एलसीडी स्क्रीन मिलने की उम्मीद है. बड़ी स्क्रीन पर वीडियो देखने, खेल खेलने और इंटरनेट चलाने का अनुभव बेहतर हो सकता है. इसके अलावा, परीक्षण में फोन का अंक 5,88,319 बताया जा रहा है, जो इसकी क्षमता को दर्शाता है.

### चंद्रयान-3 ने खोला चंद्रमा का रहस्य

**भारत** के चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण खोज की है. मिशन के वैज्ञानिक उपकरणों से मिले आंकड़ों के अध्ययन में चंद्रमा की सतह और पृथ्वी पर पाए गए एक प्राचीन चंद्र उल्कापिंड के बीच महत्वपूर्ण समानताएं सामने आई हैं. यह खोज वैज्ञानिकों को चंद्रमा की उत्पत्ति, संरचना और उसके विकास की प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझने में मदद कर सकती है. चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर और अन्य वैज्ञानिक उपकरणों ने चंद्रमा की सतह से जुड़ी कई अहम जानकारियां जुटाईं. इन आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि चंद्रमा की मिट्टी और पृथ्वी पर मिले पुराने चंद्र उल्कापिंड में मौजूद खनिजों और रासायनिक संरचना में समानता है. यह संकेत देता है कि दोनों का संबंध चंद्रमा के शुरुआती इतिहास से जुड़ा हो सकता है.



खोज इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि चंद्रमा की शुरुआती अवस्था और उसके निर्माण की प्रक्रिया को समझना अभी भी अंतरिक्ष विज्ञान के बड़े सवालों में शामिल है.

### अफ्रीका महाद्वीप के दो हिस्सों में बंटने की शुरुआत



**पूर्वी** अफ्रीका में चल रही टेक्टोनिक हलचल के कारण अफ्रीकी महाद्वीप धीरे-धीरे दो हिस्सों में अलग हो रहा है. वैज्ञानिकों के अनुसार, सोमाली प्लेट और अफ्रीकी प्लेट हर साल कुछ मिलीमीटर की गति से एक-दूसरे से दूर जा रही हैं.

यह बदलाव ग्रेट रिफ्ट वैली में साफ दिखाई देता है, जो इथियोपिया के अफार क्षेत्र से लेकर मोजाम्बिक तक लगभग 6,000 किलोमीटर तक फैली हुई है. इस क्षेत्र में पृथ्वी की ऊपरी परत धीरे-धीरे खिंच रही है और कमजोर हो रही है. आने वाले 50 लाख से 1 करोड़ वर्षों में अफ्रीका का हॉर्न ऑफ अफ्रीका क्षेत्र (सोमालिया, इथियोपिया, केन्या और तंजानिया का हिस्सा) मुख्य महाद्वीप से अलग होकर एक नए द्वीप का रूप ले सकता है. इस प्रक्रिया के दौरान पृथ्वी के अंदर मौजूद मैग्मा ऊपर की ओर आ सकता है और धीरे-धीरे एक नया समुद्री क्षेत्र बन सकता है. वैज्ञानिकों के अनुसार, यह घटना करोड़ों साल पहले हुए पैंजिया के टूटने जैसी प्रक्रिया से मिलती-जुलती है. पहले भी ऐसी ही भूगर्भीय हलचलों से लाल सागर और अदन की खाड़ी का निर्माण हुआ था. यह खोज वैज्ञानिकों को पृथ्वी की सतह में होने वाले बड़े बदलावों को समझने में मदद कर रही है. धरती लगातार बदल रही है और भविष्य में दुनिया का नक्शा आज से बिल्कुल अलग हो सकता है.

### लैब में बना ब्लैक होल, खुला रहस्य



**ब्लैक** होल, जिसे अंतरिक्ष की सबसे रहस्यमयी घटनाओं में से एक माना जाता है, अब वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में एक खास मॉडल के रूप में तैयार किया है. जर्मनी की पैडरबोर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने ऑप्टिकल फाइबर और लेजर तकनीक की मदद से ऐसा सिस्टम बनाया, जो असली ब्लैक होल के कुछ महत्वपूर्ण व्यवहारों की नकल करता है. इस प्रयोग ने ब्रह्मांड के सबसे बड़े रहस्यों को समझने की दिशा में नई उम्मीद जगाई है.

कृत्रिम ब्लैक होल को बनाने के लिए ऑप्टिकल फाइबर के अंदर तेज लेजर पल्स भेजीं. इस प्रक्रिया से फाइबर के भीतर ऐसा वातावरण तैयार हुआ, जो असली ब्लैक होल के इवेंट होराइजन जैसा व्यवहार करता है. इवेंट होराइजन वह सीमा होती है जिसके पार जाने के बाद कोई भी चीज आसानी से वापस नहीं लौट सकती. इस प्रयोग की सबसे खास बात यह रही कि वैज्ञानिकों ने हॉकिंग रेडिएशन जैसे प्रभाव को देखा. प्रसिद्ध वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग ने वर्ष 1974 में बताया था कि ब्लैक होल पूरी तरह से निष्क्रिय नहीं होते, बल्कि उनके किनारे से एक प्रकार की ऊर्जा निकलती रहती है. इसी ऊर्जा को हॉकिंग रेडिएशन कहा जाता है.माना जाता है कि हॉकिंग रेडिएशन के कारण ब्लैक होल धीरे-धीरे अपनी ऊर्जा खोते हैं और समय के साथ छोटे होते जाते हैं.

## यंग इंडिया

### एमपी हाई कोर्ट स्टेनो भर्ती 2026

**मध्य** प्रदेश उच्च न्यायालय में नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए स्टेनोग्राफर भर्ती 2026 एक बड़ा अवसर बन सकती है. न्यायालय विभाग में स्टेनोग्राफर पद न केवल सम्मानजनक सरकारी नौकरी मानी जाती है, बल्कि इसमें स्थिर करियर और पदोन्नति के अच्छे अवसर भी मिलते हैं.

संभावित रूप से इस भर्ती के तहत स्टेनोग्राफर ग्रेड-2, स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 और सहायक ग्रेड-3 जैसे पदों पर नियुक्तियां की जा सकती हैं मिली जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय भर्ती 2026 में संभावित रूप से 500 से अधिक पदों पर भर्ती की जा सकती है. हालांकि, पदों की अंतिम संख्या और आवेदन की तारीख आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद ही स्पष्ट होगी. इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक सूचना जारी होने के बाद सभी पात्रता नियमों को ध्यान से पढ़ें.



इस भर्ती के लिए उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होना आवश्यक हो सकता है. इसके साथ ही कंप्यूटर दक्षता प्रमाणपत्र और आशुलिपि की गति भी जरूरी होगी. स्टेनोग्राफर ग्रेड-2 के लिए लगभग 100 शब्द प्रति मिनट और ग्रेड-3 के लिए लगभग 80 शब्द प्रति मिनट की आशुलिपि गति मांगी जा सकती है. सहायक ग्रेड-3 पद के लिए कंप्यूटर संबंधी योग्यता भी आवश्यक हो सकती है.

चयन प्रक्रिया में आमतौर पर प्रारंभिक ऑनलाइन परीक्षा, कौशल परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा जांच जैसे चरण शामिल हो सकते हैं. प्रारंभिक परीक्षा में सामान्य ज्ञान, मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान, गणित, तार्किक क्षमता, हिंदी, अंग्रेजी और कंप्यूटर ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे जा सकते हैं. इसके बाद सफल उम्मीदवारों का स्टेनोग्राफी और टाइपिंग कौशल परीक्षण लिया जाएगा.

स्टेनोग्राफर पद पर चयनित उम्मीदवारों का मुख्य कार्य न्यायालय की कार्यवाही, आदेश और निर्णयों को तेजी से लिखना और उन्हें सही तरीके से कंप्यूटर पर तैयार करना होता है. इसके अलावा न्यायालय से जुड़े दस्तावेजों और रिकॉर्ड के रखरखाव में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है. वेतन की बात करें तो स्टेनोग्राफर पद पर कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार अच्छा वेतन और विभिन्न भत्ते मिलते हैं.

### एमपी जेल प्रहरी में भर्ती का ऐलान

**मध्य** प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जेल प्रहरी भर्ती 2026 एक बड़ा अवसर बन सकती है. मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल और जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी तथा सहायक जेल अधीक्षक जैसे पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी सामने आई है. वर्दी वाली सरकारी नौकरी का सपना देखने वाले 10वीं और 12वीं पास उम्मीदवारों के लिए यह भर्ती महत्वपूर्ण मानी जा रही है.



जानकारी के अनुसार, एमपी जेल प्रहरी भर्ती 2026 के तहत 782 से अधिक पदों पर नियुक्तियां की जा सकती हैं. इसमें जेल प्रहरी के साथ सहायक जेल अधीक्षक के पद भी शामिल हो सकते हैं. हालांकि, पदों की अंतिम संख्या, आवेदन तिथि और परीक्षा कार्यक्रम की पुष्टि आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद ही होगी. जेल प्रहरी पद के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी जा सकती है, जबकि सहायक जेल अधीक्षक पद के लिए स्नातक डिग्री आवश्यक हो सकती है. उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता और अन्य पात्रता नियमों की जांच जरूर करनी चाहिए.इस भर्ती में चयन प्रक्रिया कई चरणों में पूरी की जाएगी. सबसे पहले ऑनलाइन लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है. इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल जांच के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा. जेल प्रहरी पद के लिए शारीरिक क्षमता बेहद महत्वपूर्ण होगी, इसलिए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के साथ-साथ दौड़ और अन्य शारीरिक अभ्यास की तैयारी भी शुरू कर देनी चाहिए.

### एमपी आवास सहायक भर्ती 2026 जल्द आएगी



**मध्य प्रदेश** में ग्रामीण विकास से जुड़ी सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एमपी आवास सहायक भर्ती 2026 एक अच्छा अवसर बन सकती है. प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण विकास योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए पंचायत स्तर पर आवास सहायक और पंचायत सहायक जैसे पदों पर भर्ती की संभावना जताई जा रही है. इस भर्ती के माध्यम से युवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं से जुड़कर काम करने का मौका मिल सकता है.

जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश में आवास सहायक भर्ती 2026 के तहत संभावित रूप से 5 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की जा सकती है. हालांकि, पदों की संख्या, आवेदन की तारीख और चयन प्रक्रिया की अंतिम जानकारी आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद ही स्पष्ट होगी. इच्छुक उम्मीदवारों को विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बनाए रखनी चाहिए. आवास सहायक पद के लिए उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास के साथ कंप्यूटर ज्ञान रखी जा सकती है. वहीं, ग्राम पंचायत सहायक पद के लिए स्नातक योग्यता की आवश्यकता हो सकती है. कंप्यूटर से संबंधित प्रमाणपत्र जैसे डीसीए या अन्य मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम भी उम्मीदवारों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं. इस भर्ती में चयन प्रक्रिया सामान्य रूप से लिखित परीक्षा, मेरिट सूची, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल जांच के आधार पर पूरी की जा सकती है. परीक्षा में सामान्य ज्ञान, हिंदी, गणित, पंचायती राज व्यवस्था और ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों से प्रश्न पूछे जाने की संभावना है. उम्मीदवारों को मध्य प्रदेश की योजनाओं और पंचायत व्यवस्था की अच्छी जानकारी रखना फायदेमंद होगा.